आकाशवाणी शिमला

09.12.2024/प्रादेशिक समाचार/1945बजे

<u>मुख्य समाचार</u>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं में बीमा जागरूकता बढ़ाने के लिए किया बीमा सखी योजना का शुभारम्भ।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–सरकार आगामी बजट में विशेष बच्चों के कल्याण के लिए लाएगी नई योजना।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कांग्रेस नेताओं पर लगाए आउटसोर्स के नाम पर भ्रष्टाचार करने के आरोप।

  प्रदेश के अधिक ऊंचाई वाले व जनजातीय क्षेत्रों में ताजा बर्फबारी से पूरा प्रदेश शीत लहर की चपेट में।

<u>प्रधानमंत्री</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं में वित्तींय साक्षरता और बीमा जागरूकता को बढावा देने के लिए आज हरियाणा के पानीपत में बीमा सखी योजना का शुभारंभ किया। भारतीय जीवन बीमा निगम की इस पहल से 18 से 70 वर्ष तक आयु की महिलाओं का सशक्तीकरण होगा। इस योजना के अंतर्गत दसवीं पास महिलाओं को विशेषज्ञता प्रशिक्षण दिया जाएगा और पहले तीन वर्ष के लिए मासिक भत्ता दिया जाएगा। प्रधानमंत्री ने भावी बीमा सखियों को नियुक्ति प्रमाण पत्र वितरित किये। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने पिछले दस वर्षों में महिला सशक्तीकरण के लिए अभूतपूर्व कदम उठाये हैं। उन्होंने कहा कि देश ने बीमा सखी योजना के शुभारंभ के साथ महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ओर कदम बढा लिया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि हरियाणा ने – एक हैं तो सेफ हैं का मंत्र जिस प्रकार स्वीकार किया है यह शेष भारत के लिए भी एक उदाहरण है।

<u>मुख्यमंत्री</u>

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार आगामी बजट में विशेष बच्चों के कल्याण के लिए नई योजना लाएगी। मुख्यमंत्री आज शिमला के हीरानगर में बौद्धिक रूप से दिव्यांग बच्चों के लिए नवनिर्मित विशेष आवासीय विद्यालय के उदघाटन अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने इस मौके पर कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के समय में शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भारी गिरावट आई  लेकिन अब कांग्रेस सरकार ने इसमें सुधार करने के लिए विस्तृत योजना तैयार की है जिसे लागू भी कर दिया गया है।

<u>अग्निहोत्री</u>

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज नई दिल्ली में केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल से मुलाकात की। अग्निहोत्री ने इस मौके पर कहा कि केन्द्र सरकार ने मौजूदा वित्त वर्ष के लिए हिमाचल को जलजीवन मिशन के तहत 9 सौ 16 करोड़ रूपए से अधिक की राशि आबंटित की है लेकिन इसमें से अभी तक राज्य को केवल एक सौ 37 करोड़ 48 लाख रूपए ही जारी किए गए हैं। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री से इस राशि को तुरंत जारी करने की मांग की।

अनुराग ठाकुर

भाजपा सांसद व पूर्व केन्द्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है हिमाचल की मौजूदा कांग्रेस सरकार राज्य की अब तक की सबसे निकम्मी सरकार है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट द्वारा प्रदेश सरकार को दिव्यांगों के हितों की अनदेखी पर फटकार लगाए जाने पर कहा कि कांग्रेस सरकार जनहित व प्रदेश हित की लगातार अनदेखी कर रही है। उन्होंने ये भी कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार को न्यायपालिका से अब फटकार खाने की आदत पड़ चुकी है। इसके बावजूद सरकार के रवैये में कोई सुधार नहीं है।

हर्षवर्धन

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा है कि प्रदेश सरकार राज्य के समग्र विकास को लेकर गम्भीर है। उन्होंने आज नाहन में एक पत्रकार वार्ता में कहा कि सरकार जनता को दी गई अपनी गारंटियों को चरणबद्ध ढंग से पूरा कर रही है। इनमें ओपीएस की बहाली और महिलाओं को 15 सौ रूपए की सम्मान राशि भी शामिल है। उद्योग मंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार को हजारों करोड़ रूपए का कर्ज विरासत में मिला था। उन्होंने भाजपा पर प्रदेश सरकार को अस्थिर करने का आरोप भी लगाया।

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि कांग्रेस सरकार सत्ता में दो साल पूरे करने का जश्न मनाकर प्रदेश की जनता के जख्मों पर नकम छिड़कने का काम कर रही है। बिंदल ने आज सोलन में पार्टी की जनाक्रोश रैली को सम्बोधित करते हुए कहा कि इन दो सालों के दौरान प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने बेरोजगार युवाओं, महिलाओं और किसानों को झूठी गारंटियों के नाम पर ठगा।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिप्रक्ष जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस नेता आउटसोर्स के माध्यम से नौकरियों के नाम पर लाखों रूपए इकट्ठा करने में लगे हुए हैं। जयराम ठाकुर ने आज मण्डी में एक पत्रकारवार्ता में कहा कि खनन माफिया पहले से ही सरकार पर हावी है और अब आउटसोर्स पर भर्ती करने वाले मित्र भी सरकारी हैलीकॉप्टर में घूम रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के विडियो वायरल हो रहे हैं और मुख्यमंत्री को प्रदेश की जनता को स्पष्ट करना चाहिए कि उनका सरकार के साथ क्या रिश्ता है। इससे पूर्व भाजपा ने आज मण्डी में प्रदेश सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष में पड्डल मैदान से सेरी मंच तक रोष रैली निकाली और कांग्रेस सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हुए हिमपात के बाद पूरा प्रदेश ठंड की चपेट में है। जनजातीय जिला किन्नौर के छितकुल में लगभग आधा फुट ताजा हिमपात दर्ज किया गया है जबकि कोकसर में लगभग 7 सेंटीमीटर, खदराला में 5, सांगला में 4, केलंग में 3 और शिमला में अढ़ाई सेंटीमीटर हिमपात दर्ज किया गया है। कुल्लू जिले

की उंची चोटियों सहित पर्यटक स्थल मनाली, मढ़ी, सोलंगनाला, अटल टनल, गुलाबा, जलोड़ी जोत, नारकंडा, कुफरी और चायल में भी बर्फबारी हुई है। शिमला ज़िले के उपरी इलाकों में हुई बर्फबारी से यातायात प्रभावित हुआ है। चंबा जिले के जनजातीय क्षेत्र पांगी और भरमौर की उंची चोटियों तथा किलाड़ में भी ताजा हिमपात हुआ है। इस बीच मौसम विभाग के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने कहा है कि आज लाहौल–स्पीति, चंबा, किन्नौर, कांगड़ा, शिमला और कुल्लू जिले के ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश व बर्फबारी की संभावना है जबकि कल से एक सप्ताह के लिए मौसम आमतौर पर साफ रहेगा।

रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने जन प्रतिनिधियों का आहवान किया है कि वे समाज में निक्षय मित्र के तौर पर कार्य करें और टीबी के उन्मूलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। रोहित ठाकुर आज स्वास्थ्य विभाग द्वारा टी.बी. मुक्त भारत अभियान के तहत शिमला जिला में सौ दिवसीय निक्षय शिविर अभियान के शुभारम्भ के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि टीबी से डरने की नहीं बल्कि सतर्क और बेहतरीन समझ रखने की जरूरत है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सौ दिवसीय निक्षय शिविर अभियान समाज को नई दिशा देगा। शिक्षा मंत्री ने जिले की टीबी मुक्त एक सौ 33 पंचायतों और टीबी चैम्पियन को सम्मानित भी किया। शिमला जिला में इस समय टीबी के एक हजार 7 सौ 23 मरीज हैं।

सिकंदर कुमार

राज्यसभा सांसद सिंकदर कुमार के एक सवाल के जवाब में कोयला व खान मंत्री जी.किशन रेड्डी ने कहा कि कोल इंडिया लिमिटेड ने शिमला जिला के कुमारसेन में प्राईमरी स्कूल के पूर्व निर्मित भवन के निर्माण के लिए प्रदेश सरकार के साथ एक एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर किए थे। इस समझौते के तहत प्रारम्भिक शिक्षा विभाग को एक करोड़ रूपए की सहायता प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि कोल इंडिया अपनी सी.एस.आर. नीति के तहत समाज कल्याण के इस तरह के कार्य अकसर करती है।